# हिन्दी प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी चंडीगढ़
## (तिथि 27 अगस्त 2024, समय 1810 (10 मिनट))

- **विदेश मंत्री डा जयशंकर ने-ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो वीईएरा के साथ नई दिल्ली में भारतीय ब्राज़ील सयुंक्त आयोग की नौवीं बैठक की।**
- **बीजेपी ने आज रोहतक में युवा सदस्यता समापन समारोह का आयोजन किया. मुख्यमंत्री नायब सिंह की मौजूदगी में हजारों युवा भाजपा में शामिल हुए।**
- **जननायक जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी के साथ गठबंधन में विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया।**
- **हरियाणा में भाजपा नेत्री किरण चौधरी निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुनी गई।**

विदेश मंत्री डॉक्टरर एस जयशंकर ने जी20 की ब्राजील की अध्य क्षता के लिए भारत का पूर्ण समर्थन देने की बात दोहराई है। आज नई दिल्ली में भारत ब्राजील संयुक्त आयोग की नवीं बैठक में प्रारंभिक संबोधन में डॉ. जयशंकर ने न्यायपूर्ण विश्वव व्यावस्थां और पृथ्वीच के सतत विकास के लिए ब्राजील की अनूठी पहलों की सराहना की। उन्हों ने कहा कि भारत और

ब्राजील के बीच 2006 में हुई महत्वपूर्ण साझेदारी पिछले कई वर्षों में विभिन्ना क्षेत्रों तक पहुंची है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि ब्राजील के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध रक्षा, अंतरिक्ष, सुरक्षा, व्याोपार और निवेश समेत अनेक क्षेत्रों में मजबूत हुए हैं। उन्होंछने कहा कि भारत को खुशी है ब्राजील में भारतीय संस्कृूति कला और दर्शन के प्रति लोगों को रूझान बढ रहा है। डॉ. जयशंकर और ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो वीईएरा ने भारत ब्राजील संयुक्तू आयोग की सह-अध्यवक्षता की।वर्तमान में ब्राजील जी-20 की अध्यवक्षता कर रहा है। इस वर्ष 18 और 19 नवम्बीर को जी-20 शिखर सम्मेनलन रियो द जिनेरो में आयोजित किया जाएगा। भारत और ब्राजील के बीच साझा मूल्योंक पर आधारित बहुआयामी संबंध हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार ब्राजील के विदेश मंत्री वीईएरा की यात्रा 2006 में स्थाअपित रणनीतिक साझेदारी को और सशक्ती बनाने का एक अवसर प्रदान करती है। श्री वीईएरा की यह भारत यात्रा द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और विभिन्नी क्षेत्रों में बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग की नई संभावनाएं तलाशने का भी अवसर है।

*************************************************************************

भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से आज रोहतक स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या इस समारोह में पहुंचे। इस दौरान प्रदेश भर के एक हजार से ज्यादा युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी समारोह में मौजूद रहे।मुख्यमंत्री ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं के सम्मान को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि स्टैंड अप इंडिया और स्टार्ट अप इंडिया के जरिए देश मजबूती से आगे बढ़ रहा है, जिसमें युवाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने युवाओं से राजनीति में बढ-चढ़ कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर युवाओं में उत्साह है। विधानसभा चुनाव के लिए पूरे प्रदेश में संकल्प वैन भेजी है। जिसके माध्यम से युवाओं से संबंधित जो भी सुझाव आएंगे, उन्हें संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा।

भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 अगस्त को दिए गए संबोधन का खास तौर पर जिक्र किया, जिसमें सामान्य घरों के एक लाख से ज्यादा युवाओं के राजनीति में आने की बात कही गई थी। तेजस्वी सूर्या ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में 90 प्रतिशत युवा सामान्य परिवार से आते हैं।

***************************************************************************

जननायक जनता पार्टी  प्रधान महासचिव दुष्यंत चौटाला ने आज दिल्ली में प्रेस वार्ता करते हुए भीम आर्मी चीफ और आज़ाद समाज पार्टी (कांशी राम) के प्रधान चंद्रशेखर आजाद के साथ अपनी पार्टी का गठबंधन ऐलान किया । दोनों नेताओं की तरफ से  जेजेपी और आज़ाद समाज पार्टी में गठबंधन की आधिकारिक घोषणा कर दी गई। इस दौरान दोनों पार्टियों के बीच सीटों के तय फॉर्मूले की भी जानकारी दी गई। जननायक जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी के बीच गठबंधन के तहत 70  पर जे जे प  और 20 सीटों  पर अ स प चुनाव लड़ेगी। वहीं इंडियन नेशनल लोक दाल के प्रधान अभय चौटाला ने

मायावती की बीएसपी पार्टी से गठबंधन कर रखा है। इनेलो और मायावती की बीएसपी पार्टी गठबंधन के साथ चुनाव मैदान में उतरे हैं।

*****************************************************************************

हरियाणा में भाजपा की राज्यसभा उम्मीदवार किरण चौधरी निर्विरोध सांसद चुन ली गई हैं। आज उन्हें रिटर्निंग ऑफिसर साकेत कुमार ने राज्यसभा सीट से निर्विरोध सांसद का प्रमाण पत्र दिया। बता दें कि 20 अगस्त को भाजपा ने उन्हें उम्मीदवार घोषित किया था। 21 अगस्त को उन्होंने मुख्यमंत्री  नायब सैनी की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। क्यूंकि कांग्रेस समेत दूसरे विपक्षी दलों की ओर से कोई भी उम्मीदवार खड़ा नहीं किया गया, इस कारण से किरण चौधरी का निर्विरोध राज्यसभा में पहुंची। आज रिटर्निंग ऑफिसर ने उन्हें राज्यसभा का निर्वाचन सर्टिफिकेट देकर इसकी आधिकारिक पुष्टि कर दी।

****************************************************************************

फरीदाबाद के एक नीजि स्कूल में आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यानवयन हेतु राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें दूरदर्शन समाचार की महानिदेशक प्रिया कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के 150 से ज्यादा शिक्षाविदों ने भाग लिया और नई शिक्षा नीति पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर दूरदर्शन समाचार की महानिदेशक प्रिया कुमार ने कहा कि जहां हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समझने का प्रयास कर रहे हैं वही आप लोग इसे इंप्लीमेंट कर रहे हैं। यह कार्यक्रम मेरे लिए एक अभिभावक, एडमिनिस्ट्रेटर और पॉलिसी मेकर के रूप में बड़ा ही ज्ञानवर्धक है। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा को आधुनिक बनाने के साथ-साथ भारत की प्राचीन परंपरा के साथ आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि दूरदर्शन समाचार एक राष्ट्रीय लोक प्रसारक होने के नाते शिक्षा और जागरूकता के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और समय-समय पर छात्रों की सफलता की कहानियों को भी प्रसारित करता है।

*********

*****************************************************
***************

पंचकूला जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर  में 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अजय कुमार घनघस ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिरोही और सदस्य सचिव  एस.पी सिंह के मार्गदर्शन में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बेंचों का गठन किया जाएगा, जिनमें से कुछ बेंच जिला न्यायालय में और कुछ कालका स्थित उपमंडल स्तरीय न्यायालय में होंगी

***************************************************
************************

फरीदाबाद  के गवर्नमेंट स्कूल में  जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने उन्तालीसवें नेत्रदान पखवाड़े के शुभारंभ हुआ और नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के बारे में जे आर सी एवम ब्रिगेड सदस्य छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि

नेत्रदान पखवाड़ा देश के नेत्रहीनता निवारण अभियान के अंतर्गत चलाया जा रहा है ताकि मरणोपरांत नेत्रदान द्वारा देश से दृष्टि विहीनता को समाप्त किया जा सके।